इतिहास विभाग के इंटैक यंग क्लब द्वारा इंडक्शन व पुरस्कार वितरण का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय में आज दिनांक 04-04-2024 को इतिहास विभाग के तत्वावधान में इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा इंडक्शन व ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री आनंद मेहता, संयोजक इंटैक फरीदाबाद चैप्टर व प्रधान दयानन्द शिक्षण संस्था पधारे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी श्री शरद भसीन, श्रीमती हरप्रीत कौर, श्रीमती गीता मक्कड, श्रीमती संगीता नटराजन व श्रीमान महेश डावर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी ने की। इस कार्यक्रम में बी०ए० प्रथम वर्ष की नई छात्राओं को इंटैक यंग हैरिटेज क्लब में शामिल करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने उन्हें बैज व क्लब पासपोर्ट प्रदान किये। साथ ही, अन्तः महाविद्यालय स्तर की भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरुस्कृत किया गया व इंटैक में जुड़े नए छात्रों को इंटैक यंग हैरिटेज क्लब की शपथ दिलाई गयी । इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय विगत पंद्रह वर्षों से निरंतर प्रतियोगिताएं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों, इमारतों व संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है। मुख्य अतिथि श्री आनंद मेहता जी ने कहा कि अग्रवाल महाविद्यालय इंटैक यंग हैरिटेज क्लब के निर्माण से ही निरतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। प्राचार्य महोदय जी ने कहा कि ऐतिहासिक अभिलेख व धरोहर हमारे अतीत की गौरव गाथाएं हैं और इनका संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम चेतन, द्वितीय पूनम सैनी, तृतीय सिम्मी शर्मा सांत्वना पुरस्कार रेखा सैनी, गीतिका शर्मा नगद धनराशि पुरस्कार अंजलि, रश्मि, रिया सोलंकी और याशिका ने प्राप्त किया। अंत में इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ० सुप्रिया ढांडा ने सभी का धन्यवाद किया।